हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

# महतारी वंदन योजनाः केवाईसी की अवधि एक माह बढ़ी, अब 30 जुलाई तक

## पहले 30 जून तक थी मियाद, जिले में 1.60 लाख से अधिक महिलाओं का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार 3 अप्रैल से 30 जून तक योजना के हितग्राहियों को अपनी ई-केवाईसी करना अनिवार्य किया गया था। जिसकी अवधि बढ़ाकर अब इसे 30 जुलाई तक कर दिया गया है। यानी अब महतारी वंदन योजना का लाभ लेने हितग्राहियों को 30 जुलाई से पूर्व अपना ई-केवाईसी करना अनिवार्य है, तब तक खाते में रुपए आते रहेंगे।

महतारी वंदन योजना के तहत जिले में लगभग ढाई लाख हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें से 11 हजार हितग्राहियों का केवाईसी पूर्व में किया जा चुका है। वहीं अब जिले की 1514 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बचे हुए सभी हितग्राहियों का केवाईसी किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में 154 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविरों के माध्यम से केवाईसी करने की प्रक्रिया की जानी है, लेकिन अब तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविर नहीं लगाया गया है।

ई-केवाईसी सत्यापन की अंतिम तिथि पहले 30 जून निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 जुलाई कर दिया गया है, ताकि सभी पात्र हितग्राही आसानी से अपना सत्यापन करा सकें। सत्यापन अवधि के दौरान भी योजना के पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण पूर्ववत जारी रहेगा। ई-केवाईसी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए जिले में ऑपरेटर्स की नियुक्ति की गई है।

### केवाईसी पावती के लिए रुपए लेने की शिकायत

महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी का कार्य आंगनबाड़ियों में निःशुल्क किया जाना है। ई-केवाईसी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए जिले में ऑपरेटर्स की नियुक्ति की गई है, लेकिन कई जगह पर ऑपरेटर द्वारा 20 रुपए शुल्क लेने का मामला भी सामने आ रहा है। यह शुल्क केवाईसी की पावती देने के नाम पर ली जा रही है।



### भटक रही महिलाएं

महतारी वंदन योजना के तहत अब तक कई वार्डों में शिविर का आयोजन नहीं होने से भी हितग्राही महिलाओं को समस्या हो रही है। वहीं आंगनबाड़ियों में कई महिलाओं को महतारी वंदन आईडी नहीं मिलने से भी कड़ी धूप में इस आंगनबाड़ी से उस आंगनबाड़ी भटकना पड़ रहा है।

### 80 हजार से अधिक का सत्यापन

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में लगभग 2 लाख 41 हजार हितग्राहियों का ई-केवाईसी सत्यापन किया जाना है। अब तक लगभग 80 हजार से अधिक हितग्राहियों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। जबकि शेष लगभग 1 लाख 60 हजार हितग्राहियों का सत्यापन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी सत्यापन की अंतिम तिथि पहले 30 जून निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब आगामी 30 जुलाई कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### घर में छिपाकर रखा था शराब, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से घर में छिपाकर रखी गई मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अप्रैल को मुखबीर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि ममता नगर निवासी लोकेश कुमार सिन्हा अपने घर में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब डंप कर रखा है और उसे खपाने की तैयारी में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते थाना सिटी कोतवाली की टीम ने गवाहों के साथ ममता नगर स्थित आरोपी के निवास पर दबिश दी।

**161 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त**
तलाशी के दौरान आरोपी लोकेश कुमार सिन्हा 32 वर्ष के कब्जे से भारी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई। पुलिस ने कुल 161 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की है। जिसकी कुल अनुमानित कीमत 21,735 रुपए है। आरोपी के पास उक्त शराब रखने के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं पाया गया। आरोपी को 20 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक मिलन सिंह, उप निरीक्षक राधेश्याम जुर्री, आरक्षक राजेश साहू, अश्वनी सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निगम की सामान्य सभा, देर शाम तक चलती रही विषयों पर चर्चा

# प्रश्नकाल के दौरान पक्ष-विपक्ष का हंगामा, सभी प्रस्ताव पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बजट से पूर्व नगर निगम में आयोजित हुए सामान्य सभा की बैठक में कई विषयों पर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा। शोर-शराबा के बीच सभा में लाए गए सभी सात विषयों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक के दौरान तकनीकी समस्या के चलते लाईट गुल रही। लिहाजा लगभग आधे घंटे तक सदन की कार्रवाई प्रभावित हुई।

ज्ञात हो कि नगर निगम के टाऊनहाल में मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सात विषयों को समाहित किया गया था। बैठक की शुरूआत होते ही नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने सदन में संपत्तिकर संबंधी महापौर मधुसूदन यादव द्वारा दिए गए बयान को लेकर आपत्ति जताई। इस दौरान जमकर शोर-शराबा होता रहा।

**पार्षदों ने कई विषयों पर उठाया प्रश्न**

सामान्य सभा के प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस व भाजपा पार्षदों ने कई प्रश्नों के उत्तर चाहे। जिसमें नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम के ठेका कर्मचारियों के वेतन, भाजपा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने निगम कर्मचारियों एवं उनके कार्य संबंधी जानकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण में हुए भ्रष्टाचार पर पूर्व के सामान्य सभा में लिए गए निर्णय संबंधी कार्रवाई एवं भुगतान के संबंध में प्रश्न का उत्तर मांगा। वहीं भाजपा पार्षद दुरेन्द्र साहू ने शहर में ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों की खरीदी तथा अन्य मेंटनेंस पर हुए व्यय को लेकर प्रश्न उठाया। इन प्रश्नों का उत्तर संबंधित एमआईसी के सदस्य शैंकी बग्गा, रानू जैन, सावन वर्मा ने दी। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने भी सदन में जानकारी दी व जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। कांग्रेस पार्षद राजा तिवारी ने एमआईसी सदस्यों की जानकारी संबंध सवाल खडे किए, जिस पर जमकर शोर-शराबा होता रहा।





### सुरक्षा पेंशन सहित निर्माण कार्य संबंधी विषय

सदन में लाए गए प्रमुख विषयों में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन, रानी अवंतीबाई लोधी प्रतिभा स्थल चौक वार्ड 14 को रानी अवंतीबाई चौक नाम रखे जाने, निगम सीमा क्षेत्र में स्थित जीर्ण-शीर्ण मकान/भवन को तोड़ जाने एवं व्यवसायिक परिसर निर्माण, नगर पालिका निगम में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत 2000 सीटर आडिटोरियम निर्माण कार्य हेतु टेंडर में प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, गंज चौक से कन्हारपुरी, चिखली ओवरब्रिज के नीचे से गठुला नाला तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु व नार कन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण कार्य हेतु टेंडर में आहूत निविदा में से न्यूनतम की अनुशंसा के संबंध में विचार कर निर्णय हेतु था। बैठक देर शाम तक जारी रहा।

### लाईट गुल से सदन में व्यवधान

नगर निगम में रखे गए विषयों पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान मध्यान्ह के बाद तकनीकी समस्या के चलते लाईट गुल हो गया। जिसके कारण लगभग आधे घंटे बैठक में व्यवधान उत्पन्न हुआ। महापौर मधुसूदन यादव सहित पार्षद व अधिकारी-कर्मचारियों को भी गर्मी की वजह से टाऊनहाल से बाहर आना पड़ गया। आंधे घंटे बाद पुनः बैठक प्रारंभ हुई, जो देर शाम तक जारी रही।

## अवैध रूप से बिक्री, शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र निर्मित शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अप्रैल को पुलिस को मुखबीरी से सूचना मिली कि ग्राम खोराटोला निवासी झनक मंडावी द्वारा अपने घर के बाड़ी परछी में दीगर राज्य महाराष्ट्र निर्मित शराब लाकर बिक्री हेतु रखा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर रेड कार्रवाई कर आरोपी झनक मंडावी के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संत्रा 48 नग कीमती 7,560 रुपए को बरामद कर धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## माय एंगल




# अनुमति से तीन गुना अधिक मिट्टी की खुदाई पौधे भी नहीं लगाए, कंपनी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चौथी रेल लाइन का काम करने वाली सेवा सिंह ओबेराय एंड कंपनी को जल संसाधन संभाग विभाग द्वारा नोटिस थमाई गई है। बताया गया कि उक्त कंपनी द्वारा बिलहरी जलाशय के गहरीकरण में नियम के मुकाबले अधिक खुदाई कर दी गई थी। वहीं अनुमति के अनुसार पौधे लगाने की कार्रवाई भी नहीं की गई थी। जिसके चलते उस पर एक्शन लिया गया है।



उल्लेखनीय है कि सेवा सिंह ओबेराय एंड कंपनी को रेलवे के तहत चौथी रेल लाइन का काम मिला है। जिसके लिए मिट्टी की आवश्यकता अनुसार खुदाई के लिए जल संसाधन विभाग से अनुमति ली गई थी। विभाग द्वारा डुबान क्षेत्र में बांधपार से 60 मीटर दूर छोड़कर गहरीकरण करने की अनुमति दी गई थी। इसमें भी कंपनी को 0.60 मीटर की ही खुदाई करनी थी, लेकिन इन सभी नियमों की अवहेलना कंपनी द्वारा किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद कंपनी के खिलाफ नोटिस जारी करने की कार्रवाई जल संसाधन विभाग द्वारा किया गया है। बताया गया कि कंपनी को निर्देश बोलकर काम बंद करवा दिया गया है।

### 2.50 मीटर गहरीकरण किया

मिली जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग के द्वारा उक्त कंपनी को 0.60 मीटर गहरीकरण की ही अनुमति थी, लेकिन उसके द्वारा 2 से 2.50 मीटर तक गहरीकरण कर दिया गया है। वहीं डुबान क्षेत्र में बांधपार से 60 मीटर दूर छोड़कर गहरीकरण करना छोड़ 25 से 30 मीटर दूरी पर ही गहरीकरण कर दिया गया है। वहीं बांधपार के डाऊन स्ट्रीम में 200 पौधे ट्री-गार्ड के साथ लगाना था, लेकिन अब तक एक भी पौधे नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में बांध को नुकसान पहुंचाए जाने की दृष्टि से नोटिस जारी की गई है। हालांकि अब गहरीकरण कार्य बंद कर दिया गया है।




## आरटीई योजनाः पहले चरण के लिए आए थे 1800 आवेदन

# जिले की 535 सीटों पर चयन के लिए लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले में इस बार कुल 535 सीटों पर दाखिला दिया जाना है। जिसमें पहले चरण के लिए 1800 आवेदन प्राप्त हुए थे। ज्ञात हो कि कुल 190 स्कूलों में योजना के तहत पहली कक्षा में दाखिला दिया जाना है। बताया गया कि पहले चरण के बाद कुल - सीटों पर दाखिले के लिए चयन हुआ है।




अब तक प्रदेशभर में आरटीई के तहत नर्सरी कक्षा में दाखिला दिया जाता था, लेकिन इस बार दाखिला नर्सरी की जगह पहली कक्षा में दिया जा रहा है। यही कारण है कि जिले में योजना के तहत इस वर्ष यह संख्या घटकर मात्र 535 रह गई है। इसके विपरीत 1800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, यानी हर सीट पर औसतन चार बच्चों की दावेदारी बन रही थी। शिक्षा विभाग ने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया के बाद ऑनलाइन लॉटरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताया गया कि पहले चरण के लिए लॉटरी 13 से 27 अप्रैल के बीच निकाली जाएगी।

**1800 आवेदन, 535 सीटें:** मिली जानकारी के अनुसार आरटीई योजना के तहत पहले चरण के लिए 190 स्कूलों की 535 सीटों पर दाखिला दिया जाना है। इसके लिए कुल 1800 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 329 आवेदन स्कूलों द्वारा अधूरे दस्तावेज एवं लॉटरी में नहीं आने के कारण रद्द कर दिए गए हैं। वहीं 727 आवेदन को सीट का आबंटन नहीं हो पाया है, 251 आवेदन अपूर्ण थे।

### सीमित स्कूलों में ही भरेंगी सीटें

ऐसा देखा गया है कि आरटीई के तहत जिले की सीमित स्कूलों में ही सीटें भर पाती है। आवेदनकर्ता पालक अपने बच्चों का दाखिला मनपसंद स्कूलों में ही सीट मिलने पर कराते हैं। दूसरे स्कूल मिलने पर दाखिला नहीं होता है। यही कारण है कि हर साल आरटीई के तहत प्रमुख अंग्रेजी माध्यम शालाओं की सीटें भर जाती है, लेकिन बाकी स्कूलों में दाखिला नहीं हो पाता है।

### निजी स्कूलों पर लगे आरोप

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने आरटीई के नियमों में बच्चों की उम्र 6 से 14 साल तक निर्धारित की है। पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने नर्सरी से पहली तक की राशि खुद वहन करने का निर्णय लिया था। वर्तमान सरकार ने इसमें बदलाव किया। इस बार कम सीटों के पीछे निजी स्कूलों पर सीटें दबाने के आरोप भी लगे हैं। कई स्कूलों में एक कक्षा के तीन-चार सेक्शन होने के बावजूद केवल एक सेक्शन की जानकारी दी जाती है। जिससे आरटीई सीटें कम हो जाती है। साथ ही चयनित बच्चों को कॉपी-किताब और ड्रेस जैसी सुविधाएं भी नहीं दी जा रही है।

### नहीं मिली प्रतिपूर्ति राशि

इस साल नर्सरी की जगह केवल कक्षा पहली में स्कूलों में दर्ज संख्या के मुकाबले 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों में गरीब एवं वंचित समूह के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। नर्सरी में प्रवेश लेने वाले बच्चों को नियमों के तहत सीधे कक्षा पहली में समायोजित कर दिया गया है। ऐसे में पहले से सीटें भरी होने के कारण केवल रिक्त सीटों में नए प्रवेश होंगे। निजी स्कूलों को पिछले तीन वर्षों से मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का करीब पांच करोड़ रुपए अब तक लंबित है। इससे स्कूलों की माली हालत खराब है। संचालन पर असर पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो की कार्यकारिणी घोषित



**मुसरा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय, प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरीहा के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिन्टू सोनकर, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा की अनुशंसा से मुसरा-मुरमुंदा मंडल में नवीन दायित्वों की घोषणा की गई है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की कमान मेढ़ा निवासी पप्पू देवांगन और मंडल महामंत्री का दायित्व विष्णुपुर के भागवत वर्मा और पारागांव खुर्द के विक्रम वर्मा को सौंपा गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नई टीम संगठन को अधिक सशक्त बनाएगी।

### कन्हारगांव सड़क का होगा जीर्णोद्धार



**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देवकट्टा से कन्हारगांव मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग की नींद टूटती नजर आ रही है। खबर प्रकाशन के बाद मरम्मत कार्य शुरू करने की चर्चा तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में लगभग 64 लाख की लागत से इस सड़क का निर्माण किया गया था। निर्माण के कुछ ही महीनों के बाद ही सड़क की हालत बिगड़ने लगी। वर्तमान में स्थिति यह है कि सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है। बड़े- बड़े गड्ढों होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण के बाद से अब तक मरम्मत नहीं किया गया है जिससे सड़क की हालत खराब होती गई। ग्रामीणों ने सड़क की जांच कर ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### आवास हितग्राहियों को सौंपा आदेश पत्र



**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के 140 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश पत्र प्रदान किया गया। योजना के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को 2.50 लाख की मदद मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने कहा बारी बारी से सबका पक्का मकान बनवाया जाएगा। आवास स्वीकृति के लिए अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव सहित अन्य का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष छबीधर साहु, सीएमओ शैलेश पांडेय, सभापति रमेश यादव, राजेश देवांगन, पार्षद मृगलाल साहु, योगेश साहु, टिकेश्वर साहु, निकीता ताम्रकार, रानू साहु सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

### छात्रों ने शुरू किया प्याऊ



**बेलगांव।** भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव ने भीषण गर्मी को देखते हुए उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव में प्याऊ घर का शुभारंभ किया है यह सेवा कार्य मजदूर, राहगीरों सहित आम जन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। स्कूल की हिमानी निषाद, रूखमणी कंवर, ओजेश्वरी ठाकुर, सम्मी सिन्हा, शिवानी ठाकुर नियमित सेवा दे रही है।

## निधन



### डीबी दत्ता

**डोंगरगढ़।** आदर्श नगर निवासी डीबी दत्ता का निधन हो गया है। वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

पर्यावरण हो रहा प्रभावित, खनिज का अवैध दोहन

# अवैध ईंट भट्ठे का संचालन नदी और हरियाली संकट में

## शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत लीमो, नादिया और बसावर में ईंट भट्ठों का अवैध संचालन किया जा रहा है। विकास और निर्माण की आड़ में प्रकृति की बलि दी जा रही है और जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठे हैं। स्थिति यह है कि ईंट भट्ठा संचालकों ने न केवल राजस्व नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि नदी के स्वरूप और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नदी क्षेत्रों में संचालित इन भट्ठों में अवैध रूप से रेत और मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि भट्ठों की आग बुझाने के बजाय उन्हें दहकाने के लिए प्रतिबंधित हरे-भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। वन संपदा की खुलेआम लूट संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### प्रकरण बनाने के निर्देश

तहसीलदार नेहा ध्रुव ने बताया कि पटवारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र के ईंट भट्ठो का प्रकरण बना कर पेश करे। प्रतिवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।



### आग में तप रही महिलाएं

इन भट्ठों में महिलाएं और छोटे बच्चे तपती धूप और भट्ठी की आंच के बीच काम करने को मजबूर हैं। मजदूरी की मजबूरी ऐसी कि पूरा का पूरा परिवार इन भट्ठों में झोंक दिया जा रहा है। ईंट भट्ठों से निकलने वाला धुआं आसपास के गांवों की हवा बिगाड़ रहा है। ग्रामीणों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ने की आशंका प्रबल हो गई है।

### खनिज विभाग बस नाम का

अवैध ईट भट्ठे, अवैध खनन, बजरी और रेत का अवैध परिवहन आदि पर रोक लगाने खनिज विभाग की स्थापना किया गया है परंतु खनिज विभाग के जिम्मेदार मौन साधे रहते है जिसके कारण ईट भट्ठो की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

### वन भूमि पर कब्जा

सूत्रों के हवाले से खबर है कि नादिया और बसावर क्षेत्र में कई भट्ठे ऐसे स्थानों पर संचालित हैं जो वन विभाग अंतर्गत हैं। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर व्यावसायिक लाभ उठाया जा रहा है, लेकिन विभागीय कार्यवाही केवल शून्य नजर आ रही है। इसके अलावा बिना टीपी और बिना वैध बिजली कनेक्शन के ईट भट्ठो में बिजली का उपयोग किया जा रहा है।

### अघोषित बंधुआ मजदूरी का जाल

जानकारी के अनुसार भट्ठा संचालकों द्वारा गरीब परिवारों को अग्रिम राशि देकर दूर-दराज के इलाकों से लाया जाता है। उन्हें अस्थाई झोपड़ियों में रखकर दिन-रात काम कराया जाता है। यह स्थिति अघोषित बंधुआ मजदूरी की ओर इशारा करती है, जहां न तो काम के घंटे तय हैं और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम। परिवार के साथ रहने के कारण जिन बच्चों को स्कूल में होने चाहिए, वह ईंटें ढोने में लगे हैं।

---

# पानी भरने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

■ आरोपी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

शहर के वार्डों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में पानी भरने की मामूली बात पर अपनी मां और मोहल्ले के लोगों के साथ मारपीट पर उतारू होने वाले युवक के विरुद्ध पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को आरोपी आलोक अंबादे ने सार्वजनिक नल में पानी भरने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी अपनी ही मां और मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करने लगा। हंगामे के कारण मोहल्ले का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया था। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस समझाइश दी किन्तु मामला शांत नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी आलोक अंबादे को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी संतोष जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 170, 126 और 135 (3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी के आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है। होटल में काम करने वाले पूर्व कर्मचारी ने अपने मालिक की होटल में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। कालकापारा निवासी प्रार्थी प्रदीप सिसोदिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अगस्त की रात्रि लगभग 12.30 से 1.30 बजे के बीच उनके होटल-लॉज राजघराना में चोरी हुई। पूर्व में काम करने वाले नानक प्रेमचंदानी निवासी सरोना रायपुर ने होटल में घुसकर गल्ले से नगदी और अन्य कीमती सामान पार कर दिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने टीवीएस एक्सेल सीजी 08 एबी7918 कीमत 10 हजार, गल्ले से नगदी आदि चोरी किया था। पुलिस टीम ने रायपुर में दी दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 305 (क) एवं 331 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

---

# व्याख्याता पाठक सम्मानित



**जेवरतला रोड।** सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने समारोह का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे 151 समाजसेवियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि कमलेश जैन, डॉ. रूपेंद्र, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, दीपक्षा जैन, शुभा निशा शुक्ला, डॉ. कविता कुंभज थे। अध्यक्षता शकुंतला फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह ने की।इस कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पदस्थ व्याख्याता अजय पाठक को उत्कृष्ट कार्यों, जनसेवा, समाज के विकास, शिक्षा में नवाचार, महिला सशक्तिकरण आदि के लिए आशा किरण सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री पाठक को शाला समिति के अध्यक्ष टुमन साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव ने बधाई दी है।

# अनदेखी से खतरे में कुओं का अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

बढ़ते तापमान एवं गिरते जलस्तर ने सभी को चिंता में डाल दिया है। जल स्तर को बनाए रखने और वर्षा जल का सहेजने के लिए सोखता गड्ढा बनाने की मुहिम चल रही है।

जल संरक्षण की दिशा पर गांव-गांव में स्थित कुंआ एक बेहतर विकल्प है। वर्तमान में कुओं का अस्तित्व पर संकट गहराते जा रहा है। कुछ दशक पहले ग्रामीण पेय एवं निस्तारी जल की आपूर्ति कुंओं से करते थे। गांव में निजी के अलावा सरकारी एवं सार्वजनिक कुंआ की पर्याप्त संख्या थी जिनका अस्तित्व अब लुप्त हो गया है।

बदलते परिवेश में प्रत्येक गांव और घर नल जल योजना से जुड़ रहे है फलस्वरुप कुएं रखरखाव के आभाव में जर्जर अवस्था में पहुंच गए है। जिन कुंओ में गर्मी में भी पर्याप्त जल भरा रहता था। वह अब सुखे पड़े है। जल स्त्रोत बदलने के साथ जल स्तर में भी एक बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। जिन गांवों में औसत से अधिक बोर हैं वहां जल स्तर निम्न स्तर में चला गया है।



### कहां कितने कुएं

ग्राम चकनार में लगभग सौ कुएं है। उपयोग केवल डेढ़ दर्जन का हो रहा है। जीरा टोला में लगभग 60 कुएं है जिसमें से 22 का उपयोग हो रहा है। बगदूर में 40 कुंओं में से 9 का उपयोग होता है। कुकुरमुड़ा में 9, सड़क अतरिया 9, संडी 7, मानपुर 10, खैरबना 26, गुमानपुर 12 कुएं हैं। कुछ कुंओं को छोड़ कर शेष की हालत गंभीर है। ज्यादातर कुएं देख देख एवं सफाई नहीं होने से सुखे पड़े है।

### किसने क्या कहा

जनपद सभापति ज्योति जंघेल ने कहा कि योजना से जोड़ कर पुराने कुंओ को अस्तित्व में लाने तथा जल संरक्षण की दिशा पर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि प्राचीन कुएं जल संरक्षण का उत्तम और प्रमुख साधन है। मुहिम चला कर कुओं को अस्तित्व में लाने का प्रयास किया जाएगा।

### हो सकता है बेहतर विकल्प

गांव के बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि कुंओ को अस्तित्व में लाकर जल संकट में कमी एवं जल स्तर में बढ़ोतरी किया जा सकता है। आज प्रायः सभी गांव नल-जल योजना पर आश्रित हो रहा है। एक पहर भी नल से पानी नहीं आने से हाय तौबा मच जाता है। गर्मी में पर्याप्त जल पूर्ति भी नहीं हो पाती है। हैंड पम्प की भी स्थिति बेहतर नही है। ऐसे समय पर कुंआ वैकल्पिक प्रयोग का बेहतर साधन है।


### जलते थे दीप, होती थी पूजा

प्राचीन परम्परा अनुसार जिन घरों में कुंआ होते थे वहां शाम को दीप जलाकर नमन किया जाता था। कुछ घरों में यह परंपरा आज भी जारी है। दीपावली सहित कुछ विशेष पर्व में कुंओं में दीप जलाया जाता था। लोग घर के कुंआ में रहने वाले कछुआ, मछली आदि के लिए रोज दाना डाला करते थे। गर्मी में कुंओं के सूखने पर पानी डाल कर जीव रक्षा करने का प्रयास किया जाता था।

---

## किसानों ने कृषि कार्य का किया आगाज

# बाजे गाजे के साथ निकली बारात बच्चों ने रचाया पुतरा पुतरी का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

अक्षय तृतीया के अवसर पर क्षेत्र में पारंपरिक उत्साह और उल्लास देखने को मिला। नगर के छोटे राजा देवराज किशोर दास बिना औपचारिक निमंत्रण के घर-घर पहुंचे और बच्चों के बीच घुल मिलकर गुड्डे-गुड़ियों के टीकावन में शामिल हुए।

अक्ती प्रमुख लोक पर्व है। इस दिन बच्चों ने अपने घरों में विवाह मंडप सजाकर गुड्डे-गुड़िया की शादी रचाया। छोटे राजा देवराज किशोर दास ने बच्चों के बीच पहुंच कर उनके उत्साह को दोगुना कर दिया। शहर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ यह उत्सव मनाया गया। श्री दास की उपस्थिति इस परंपरा को खास बना दिया।

### बिना मुहूर्त के शादियां

वैसे तो कई मुहूर्तों में विवाह होते हैं, लेकिन अक्ती एक ऐसा दिन होता है जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह किए जाते हैं। यही कारण रहा कि अक्ती के दिन को नगर और आसपास में सैकड़ों विवाह संपन्न हुए। उन जगहों पर अधिक उत्साह देखने को मिला, जहां बच्चों के बीच छोटे राजा की उपस्थिति रही।

### बच्चों ने रचाया पुतरा पुतरी का ब्याह

**डोंगरगढ़।** आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में अक्षय तृतीया पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृषि प्रधान संस्कृति की झलक देखने को मिली। किसानों ने आगामी खरीफ सीजन की समृद्धि के लिए ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार शीतला मंदिर के समीप स्थित ठाकुर देवता मंदिर में ग्रामवासियों ने सामूहिक पूजा किया। तत्पश्चात किसानों खेतों में पहुंचकर पूजा कर जुताई की। प्रतीकात्मक रूप धान का छिड़काव किया। वहीं बच्चों ने पूतरा पुतरी के विवाह का आयोजन किया। घर- घर में गृहणियों ने पूजा-पाठ कर परसा के पत्तों में अक्ति पानी देने की रस्म निभाई गई।

### हुई विवाह की सभी रस्में



**चारभांठा।** ग्राम में छत्तीसगढ़ी लोक आस्था और कृषि संस्कृति का महापर्व अक्ती का उल्लास के साथ मनाया गया। अक्ती के मौके पर चारभाठा और आसपास के गांवों में वैवाहिक आयोजनों की धूम रही। अक्ती के शुभ मुहूर्त में कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। हर गांव में मड़वा सजे नजर आए। चारभाठा की गलियों में बच्चों ने भी अपनी संस्कृति का मान बढ़ाया। बच्चों ने पुतरा-पुतरी का विवाह रचाया। हल्दी की रस्म से लेकर भांवर और विदाई तक बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कारों का प्रदर्शन किया।

### किसानों ने किया माटी पूजन

कृषि प्रधान संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए चारभाठा के किसानों ने श्रद्धापूर्वक माटी पूजन किया। किसानों ने खेतों में पहुंचकर माटी को तिलक लगाया और धरती माता का वंदन कर कृषि की सफलता के लिए प्रतीकात्मक रूप से बीज अर्पित किया। नागर की पूजा कर किसानों ने प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट किया।

# श्रद्धा से मनी फूले की जयंती



■ महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**औंधी।** क्षेत्रीय बौद्ध समाज संगठन ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बौद्ध अनुयायियों ने पालेभाट्टी से ज्योति भीम रैली निकाल कर औंधी बस स्टैंड पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत में ध्वजारोहण किया गया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान मुनिश्वर बोरकर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह प्रेरणादायक है। विनय बाम्बोड़े ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सभी को समान अधिकार दिए हैं, जिनका सम्मान और संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। भोजेश शाह मंडावी ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में पुष्पा आत्राम, संगीता सिंग, द्रोपती मंडावी, सियाराम नुरेटी, संतराम वड्डे, जटाशंकर मिश्रा, हरिराम जूनघरे, राजेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित थे।

# निःशुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारंभ

**छुईखदान।** बालक पूर्व माध्यमिक शाला छुईखदान में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास वैष्णव, पार्षद घना देवांगन एवं प्रेम सिंह पाल के पार्षद निधि से स्मार्ट ब्लैकबोर्ड एवं एलसीडी प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के सहारे नवोदय एवं प्रयास जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराया जाएगा। अतिथियों ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड एवं एलसीडी जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों की पढ़ाई को अधिक रोचक, सरल एवं प्रभावी बनाएंगी। इस अवसर पर बीआरसी दुष्यंत शर्मा, शिक्षक संजीव धुर्वे, कुंभलाल जंघेल, राजूदास मानिकपुरी, डॉ. सियाराम साहू, दोदेश्वर चंदेल, राघवेन्द्र वर्मा, मोहन जंघेल, युवराज वर्मा, रवि वर्मा, अश्वनी साहू, केवल मांडवी, दिग्विजयदास वैष्णव, राधेश्याम देवांगन, प्रशांत चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, मोहन सर्वा, भूपेंद्र चौबे, भागीरथी कुंभकार, लालूसिंह आदि उपस्थित थे। अंत में शिक्षक संजीव कुमार धुर्वे ने आभार व्यक्त किया।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## बेलगांव में भागवत कथा 23 से

**बेलगांव।** ग्राम में नव दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन नरेश सिन्हा द्वारा 23 अप्रैल से किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य मुकुंद महाराज राका वाले संगीतमय कथा का रसपान कराएंगे । कथा का वाचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक बाजार चौक पर होगा। आयोजक सिन्हा परिवार ने बताया कि 23 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदी पूजन ,गोकर्ण कथा, 24 को परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 25 को कपिल उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, 26 को प्रहलाद चरित्र ,नरसिंग अवतार, 27 को वामन अवतार, श्री राम कृष्ण जन्मोत्सव , 28 को बाल लीला, रुक्मणी मंगल, 29 को अन्य विवाह, सुदामा चरित्र , 30 अप्रैल को परीक्षित मोक्ष, चढोत्री ,शोभायात्रा और आगामी एक मई को गीता, तुलसी वर्षा, हवन पश्चात प्रसादी वितरण होगा।

## किसानों ने किया खेती का श्रीगणेश



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में रविवार एवं सोमवार को अक्षय तृतीया उल्लास से मनाया गया। गांव गांव में बरातियों का हुजुम देखा गया। बच्चों ने बड़ों के निर्देशन में गुड्डा गुडिया का विवाह किया। बच्चों की कुछ टोलियां ने निमंत्रण कार्ड छपवा कर आम लोगों को आमंत्रित किया। ग्रामीण भी समारोह में बड़ी संख्या में शामिल हुए। बच्चों ने शादी की रस्म मंडप छादन, चूलमाटी, तेल, चिकट, बरात सभी रस्म को पारंपरिक तौर पर आयोजित किया। अक्ती पर कृषक नए सीजन के फसल के लिए कृषि कार्यों का श्रीगणेश करते हैं। इस दिन किसानों को बारिश होने का बेसब्री से इंतजार रहता है। बुजुर्ग लोगों के अनुसार इस दिन बारिश होना काफी शुभ माना जाता है। सोमवार रात को तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

**निधन**

### मोहिनीदेवी अग्रवाल



**राजनांदगांव।** शहर के प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार की श्रीमती मोहिनी देवी अग्रवाल का 21 अप्रैल 2026 को निधन हो गया। वे स्व. रामचंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी थी। उनके निधन से परिवार सहित समाज में गहरा शोक व्याप्त है। स्वर्गीय मोहिनीदेवी अग्रवाल की अंतिम यात्रा कल 22 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान सत्यम विहार ए/42 से निकलेगी। स्व. मोहिनीदेवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### जिला स्तरीय कमेटी के निरीक्षण बाद प्रशासन ने की कार्रवाई

# बिना रेडियोलाजिस्ट के जारी की रिपोर्ट बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर सील बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दो साल पहले रेडियोलाजिस्ट डॉक्टर के सेंटर छोडक़र जाने के बाद भी धकाधक सोनोग्राफी रिपोर्ट जारी करने वाले बालाजी डायग्रोस्टिक सेंटर पर जॉच बाद जिला प्रशासन ने सील लगवाया।

जानकारी अनुसार मस्जिद चौक में बीते कई सालों से बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन हो रहा था। बीते मार्च महीने मे स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान पाया कि संस्था मे सोनोग्राफी मशीन चालू थी और रिकार्ड में आधा दर्जन से उपर गर्भवती महिलाओ का सोनोग्राफी किया गया था लेकिन वहॉ कोई भी रेडियोलाजिस्ट मौके पर नहीं मिला जबकि एक महिला को उसी समय मिले रिपोर्ट में रेडियोलाजिस्ट के रूप मे डॉ प्रदीप कुमार का हस्ताक्षर था। जिला स्तरीय दल को जॉच दौरान संचालक व स्टाफ द्वारा भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया गया।

### संचालक ने प्रशासन को किया गुमराह

संचालन का दावा था कि डॉ प्रदीप कुमार जॉच दल के निरीक्षण दौरान आधा दर्जन से ऊपर गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कर चाय पानी के लिए बाहर गए थे। जबकि उत्तराखंड मे रह रहे डॉ प्रदीप कुमार ने जांच दल को बताया कि 2023 से वो काम छोड़ कर उत्तराखंड मे है जिसकी पुष्टि को लेकर उन्होने कई तर्क दिया। रिपोर्ट को उनके नाम का फर्जी उपयोग बताते हुए उन्होने भी बालाजी पर कार्रवाई की मांग की जिसके बाद जिला सलाहकार समिति ने निर्णय लिया कि गर्भाधान पूर्व व प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम की धाराओं का बालाजी डायग्रोस्टिक सेंटर ने उल्लंघन किया है।




### बालाजी अस्पताल पर भी लगा है पहले आरोप

डायग्रोस्टिक सेंटर के अलावा सिविल लाइन में बालाजी के नाम से अस्पताल का भी संचालन संचालक द्वारा किया जा रहा है। लगभग सात आठ महीने पहले अस्पताल पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने गुमराह कर ज्यादा फीस वसूलने की शिकायत की थी।

### सेंटर सील

जिला स्तरीय जांच दल द्वारा निरीक्षण दौरान मिले कमियो के आधार पर जिला सलाहकार समिति ने बालाजी सेंटर पर सील लगाने का आदेश जारी किया है जिसका पालन करते हुए सीलबंदी कर दी गई है। - **डॉ आशीष शर्मा,** सीएमएचओ

### फर्जी हस्ताक्षर के जरिये रिपोर्ट

अनधिकृत व्यक्ति द्वारा जांच करने की आशंका, रेडियोलाजिस्ट बदलने की सूचना नहीं देने को पीसीपीएनडी के नियम का उल्लंघन मानते हुए जॉच दल ने डॉ प्रदीप कुमार से संपर्क किया तो पता चला कि वो 2023 से अपना काम छोड़कर उत्तराखंड चले गए है। उन्होने लिखित बयान मे कहा कि उक्त रिपोर्ट उनके नाम से फर्जी बनाकर हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है जबकि बालाजी सेंटर की ओर से कहा गया कि उस दिन भी रिपोर्ट डॉ प्रदीप कुमार ने जारी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने गंभीरता से हर मुद्दे को देखा परखा और उसके बाद विषय को जिला सलाहकार समिति की बैठक में बालाजी के जवाब को संतोषजनक नही पाते हुए सेंटर को सील बंद करने का आदेश जारी किया जिसके बाद सेंटर को सील कर दिया गया है।

## गांवों में धूमधाम से मना अक्ती पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ मेढ़ा

सोमवार को अक्षय तृतीय धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में नए कृषि वर्ष की शुरुवात की गई। इस दिन शीतला मंदिर प्रांगण के ठाकुर देव में पलास के पत्तों कटोरी बनाकर उसमें धान लाया गया। प्रसाद के रूप मे भुने महुवा, गेहूं, राहर और चने का मिक्स वितरण किया गया। घर के सदस्यों ने अक्षय तृतीय के दिन पलास के पत्तों में उड़द के दाल के साथ पानी दिया। घर में व्यंजन बनाएं गए है। इसी क्रम में बच्चों ने पुतरा- पुतरी के विवाह का आयोजन किया। बच्चों ने एक सप्ताह पहले तैयारी शुरू कर दी थी। बच्चों ने मंडप छाना, चुलमाटी, तेल, हल्दी आदि रस्म निभाते हुए पुतरा पुतरी का विवाह संपन्न किया। शाम को टीकान हुआ जिसमे ग्रामीण भी शामिल हुए।

# डीएमएफ की बैठक में जिले के विकास कामों को मिली स्वीकृति

■ सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के अंतर्गत वर्ष 26-27 के लिए जनहितकारी विकास कार्यों की रूपरेखा तय करने शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की जबकि सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि स्थानीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनसहभागिता के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने बताया कि डीएमएफ के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, महिला एवं बाल विकास, जल संरक्षण, कृषि, स्वच्छता, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं, जिससे संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, डीएफओ पंकज राजपूत, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विप्र भवन के नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या केदारबाड़ी स्थित विप्र भवन में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता नवाज खान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय राज सिंह, हरीश भंडारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम की शुरुआत में परशुराम की पूजा अर्चना की गई। विधायक श्रीमती बघेल का ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने चुनरी और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया।

इस दौरान राकेश तिवारी, राजेन्द्र गर्ग, अमिताप पांडेय, ललित शर्मा, राजकुमार पांडेय, डीपी शर्मा, वासुदेव पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, विष्णु उपाध्याय, निरंजन शर्मा, विष्णु शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, विजय पांडेय, राहुल मिश्रा, शशांक उपाध्याय, राजू पांडेय, कुलदीप पांडेय, राजेश तिवारी, देवनारायण शुक्ला, श्याम तिवारी, अभिषेक तिवारी, अक्षत गर्ग, श्रीश पांडेय, आरती मिश्रा, स्मिता बाजपेई, शशि तिवारी, उपासना पांडेय, प्रियंका तिवारी, संगीता तिवारी, रिता उपाध्याय, आचल मिश्रा, दुर्गा शर्मा, आयुषी तिवारी, दिनेश साखरे, चंद्रशेखर बोरकर, बादल वाल्दे सहित अन्य उपस्थित थे।



### अतिरिक्त कमरे के लिए पांच लाख की घोषणा

अध्यक्षता कर रहे श्री खान का पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल पांडे ने ब्राह्मण समाज की यात्रा और उसके संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने दो कमरों के निर्माण में सहयोग के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं नवाज खान का आभार व्यक्त किया और पांच लाख रुपए की मांग अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए विधायक से की। विधायक ने 5 लाख देने की घोषणा करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा सभी के लिए पथ प्रदर्शक रहा है। अंत में आभार प्रदर्शन युवराज शर्मा ने किया।

# वाईडनर स्कूल का परीक्षा परिणाम 99.9 फीसदी





■ 106 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम 99.9 फीसदी रहा। परीक्षा में शाला के 106 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें दर्श महोबिया ने 94.2 प्रतिशत, वेदिका खेमानी ने 94 फीसदी और दक्षता साहू ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा में सफलता हासिल किया। इसी प्रकार याशिका गिड़वानी ने 91.4, शालिनी त्रिशा लाल ने 91, देविका दीवान ने 90.8, गरिमा सिंह ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त किए।

शाला के मैनेजर फादर जोसेफ राज, प्राचार्य फादर टी. अमलसीलन एवं शाला परिवार ने 10वीं के सभी कामयाब छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# नींद से जागी नपा, कांग्रेस के अल्टीमेटम का दिखा असर

## नगर पालिका ने शुरू किया नालियों की सफाई का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लालपुर वार्ड में लंबे समय से बनी पानी और सफाई की समस्या को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की चेतावनी के बाद आखिरकार नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। दो दिन पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए वार्ड भ्रमण के दौरान क्षेत्र में फैली गंदगी, जाम नालियां और पेयजल संकट को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली थी।

निरीक्षण दौरान कांग्रेस नेताओं ने नपा को दो दिन के भीतर सफाई व्यवस्था सुधारने और पानी की समस्या का समाधान करने की चेतावनी दी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि तय समय सीमा में कार्य नहीं हुआ तो पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। चेतावनी बाद नगर पालिका की टीम ने अल्टीमेटम का समय पूरा होने से पहले ही लालपुर क्षेत्र में सफाई अभियान शुरू कर दिया। नालियों की सफाई, कचरा उठाव और जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा हैं। कई स्थानों पर सफाई कर्मियों को तैनात कर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराया गया। शहर महामंत्री दीपक देवांगन और शहर महामंत्री शेखर दास वैष्णव ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया और कार्य को जल्द से जल्द खत्म करने कहा।



### वार्डवासियों ने कहा स्थाई समाधान करें

अचानक नपा अमले को साफ सफाई करता देख वार्डवासियों ने कहा कि यह कार्रवाई केवल दबाव में की जा रही है। स्थाई समाधान नहीं दिख रहा है। उन्होने मांग की कि नगर पालिका नियमित रूप से सफाई और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी समस्या उत्पन्न न हो। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि यदि आने वाले समय में फिर से लापरवाही बरती गई, तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः सांसद

# दिशा समिति की बैठक, सांसद, विधायक ने कहाः गुणवत्ताहीन कामों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। सांसद ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा दौरान मनरेगा योजना में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में नेटवर्क की समस्या का मुद्दा सामने आया। इस पर सांसद ने नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापित करने साथ ही प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान को प्राथमिकता से लागू करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा।

बुंदेली क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों की अनियमित उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की समीक्षा की गई। जर्जर भवनों की समस्या पर विभाग द्वारा प्रस्ताव उच्च कार्यालय भेजे जाने की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना व सॉइल हेल्थ कार्ड की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। फसल बीमा का लाभ नहीं मिलने की शिकायतों पर सांसद ने संबंधित एजेंसी की बैठक बुलाकर शीघ्र समाधान करने कहा।



### सड़क निर्माण के मुआवजा प्रकरणों में आएगी तेजी

छुईखदान-दनिया मार्ग निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने, मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश सांसद ने दिया साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। इस दौरान यशोदा नीलांबर वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष छुईखदान पुष्पा वर्मा, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, प्रेम नारायण चंद्राकर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डीएफओ पंकज राजपूत, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में विधायक यशोदा वर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभागों के समन्वय से जिले में विकास कार्यों को गति मिल रही है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आश्वस्त किया कि सांसद के निर्देशों के अनुरूप सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे और योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचाने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# भारी भरकम दंड लेने से भड़का चंदनहा कलार समाज, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**खैरागढ़।** जिला कलार समाज द्वारा जिला अध्यक्ष दीनदयाल सिंहा के नेतृत्व में एडिशनल एसपी नीतेश गौतम और जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सह शिकायत पत्र सौंपकर अपने समाज में सम्मिलित चंदनहा कलार समाज के लोगों के हितों और मानवीय मूल्यों के संरक्षण की मांग की। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रांत कलार समाज की पहल पर सन 2023 में कलार जाति के कबीर पंथ को मानने वाले सजातियो को जो कि छुईखदान मंडल के साल्हेवारा से दमोह मध्यप्रदेश क्षेत्र तक फैले हुए हैं उन्हें छग कलार समाज की मूल धारा में जोड़ा गया ताकि अन्य समाज और विकसित पदेश की दौड़ में समाज आगे बढ़े लेकिनचंदनहा कलार समाज के कुछ कुत्सित मानसिकता वाले लोगों को रास नहीं आया और छोटी छोटी बातो को मौके पर जाकर निराकरण की जगह आपसी विद्वेष फैला दिया गया। उन्होने बताया कि इनके द्वारा कलार समाज के परिवार को दुबारा चंदनहा कलार समाज से मिलने, परिवार में आने जाने, सुख दुख के कार्यक्रमों में शामिल पर भारी भरकम दंड लगाया जाता है। सार्वजनिक बैठक आयोजित कर कान पकडक़र माफी मांगने, हवन पूजन कराकर शुद्ध होने, सामाजिक भोज कराने और मुंडन कराने जैसी मानवता को तार तार करने वाली घटना को अंजाम दे रहे हैं। मामले को लेकर समाज के जिला, मंडल पदाधिकारियो सहित पीड़ित परिवार के 50 से अधिक लोगों ने इनके खिलाफ आज ज्ञापन सह शिकायत पत्र सौंपकर उचित कारवाई की मांग की है।



### दंड विधान से समाज को नुकसान

चंदनहा कलार समाज जो कि जिले के साल्हेवारा, मप्र के दमोह इलाके तक फैला हुआ है जो आज भी कबीले वालों की तरह आपस में ही मौसी मौसा, फूफा जैसे सगे संबंधियों के बेटा बेटियों से ही वहीं के वहीं शादी विवाह कर देते हैं जिससे उत्पन्न संतान में कई विकृति देखी जा रही है,साथ ही यह वर्ग उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन शैली आदि में भी काफी पीछे है। जिलाध्यक्ष दीनदयाल सिंहा ने कहा कि कलार समाज की यही मंशा थी कि सब एक होकर देश प्रदेश के विकास के साथ आगे बढ़े किंतु कुछ कुत्सित मानसिकता के लोग समाज के इस पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने में न केवल बाधा डाल रहे हैं बल्कि क्रूरता पूर्वक मानसिक सामाजिक दंड विधान बनाकर चंदनहा समाज के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा, महामंत्री शिवराज सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद सिन्हा, संरक्षक आनंद सिन्हा, मंडलेश्वर कुंभलाल सिन्हा, सचिव गुमान सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, संतोष धरमगढ़े, जिकेश सिन्हा, निरंता कबीरपंथी सहित पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## सार समाचार

### टोल में वसूली पूरी, सुविधा जीरो : मनोज

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने जारी विज्ञप्ति में राजनांदगांव से 8 किमी दूर स्थित टोल प्लाजा की बदहाल व्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त किया है।




उन्होंने कहा कि यह टोल प्लाजा मूल रूप से तुमड़ीबोड़ से आगे लगना था, लेकिन किसी कारणवश इसे राजनांदगांव के पास लगा दिया गया। परिणामस्वरूप राजनांदगांव सहित जिले के निवासियों से टोल वसूला जा रहा है। जबकि सुविधाएं शून्य है। प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं, सड़क की दुर्दशा, आपातकालीन सुविधा शून्य, साइन बोर्ड/एरो का अभाव, बुनियादी सुविधाओं की कमी है। श्री निर्वाणी ने कहा कि वसूली पूरी हो रही है, लेकिन व्यवस्था जीरो है।

### छात्रा काव्या ने जीता योगासन में स्वर्ण पदक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से संबंधित राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पांचवी जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल में 14 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर केटेगरी के साथ सीनियर ए, बी व सी में महिला व पुरूष वर्ग में अनेक प्रतिस्पर्धाएं संपन्न हुई।




योगासन चैम्पियनशिप में आर्टिस्टिक, रिदमिक, ट्रेडिशनल, फारवर्ड बैंड, बैंक बैंड, ट्विस्टिक बाडी, लेग बैलेंस, हैंड बैलेंस, सुपैन सभी में सिंगल, पेअर व समूह की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में शाला की कक्षा आठवीं की छात्रा काव्या शर्मा ने सब जूनियर केटेगरी में ट्रेडिशनल योगासन में स्वर्ण पदक तथा आर्टिस्टिक योगासन पेअर में भी स्वर्ण पदक जीता। काव्या की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### पेंशनर प्रतिनिधियों ने की सचिव व संचालक से चर्चा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं पेंशनर प्रतिनिधियों ने रायपुर में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजु एस. एवं संचालक रिमिजियुस एक्का से भेंट कर नगरीय निकाय पेंशनरों की मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।



प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं पेंशन प्रतिनिधि अजय यादव, बीडी सोनवानी, रामकुमार लोधी, दुर्गाराम साहू एवं कपिलेश्वर साहू ने संचालक श्री एक्का को ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों के पेंशन एवं महंगाई राहत के भुगतान में हो रही लेटलतीफी के कारण पेंशनरों एवं उनके परिवार को होने वाली परेशानी से अवगत कराया तथा पेंशनरों के प्रकरण में होने वाले विलंब की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। संचालक श्री एक्का ने प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से सुनने तथा उनके समस्याओं के निवारण शीघ्र करने का आश्वासन दिया। जिसके लिए प्रांताध्यक्ष ने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उज्ज्वल बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सांगठनिक पुनर्गठन में सक्रिय कार्यशैली का सम्मान करते पूर्व जिला मंत्री उज्ज्वल कसेर को अब जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने जो भरोसा उन पर जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत गृह नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और युवा साथियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ और आतिशबाजी के साथ आत्मीय अभिनंदन किया गया। उज्ज्वल ने इस स्नेह के लिए परिजनों और युवा शक्ति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते संकल्प लिया कि वे नवीन ऊर्जा के साथ जनसेवा के पथ पर सक्रिय रहेंगे और युवाओं को एकजुट कर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।



### नंदई व चौखड़ियापारा में गंदे पानी की शिकायत

**राजनांदगांव।** शहर के नंदई, इंदिरा नगर और चौखड़ियापारा में गंदे पानी आने की शिकायत मिलने पर सोमवार सुबह महापौर मधुसूदन यादव पानी सप्लाई के समय उक्त क्षेत्रों में पहुंचकर संबंधितों को गंदे पानी आने वाले क्षेत्र के पाईप लाइन की जांच कर अतिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



महापौर श्री यादव प्रभावित क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर गंदे पानी आने के संबंध में चर्चा कर उप अभियंता से कहा कि जहां-जहां गंदा पानी आ रहा है, उक्त क्षेत्र के पाईप लाइन की अतिशीघ्र जांच कर मरम्मत करें। उन्होंने कहा कि वालमेन को निर्देशित करें कि वाल्व खोलने के पश्चात अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पानी सप्लाई देखे तथा जहां इस प्रकार की शिकायत हो, वहां की रिपोर्ट तत्काल संबंधित अधिकारी को दें। जिससे इसका त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गंदा पानी आने तथा कम पानी आने संबंधी शिकायत का प्राथमिकता से निराकरण करें। निरीक्षण के दौरान पार्षद अरूण साहू, सतीश साहू, पूर्व पार्षद विजय राय सहित निगम का अमला उपस्थित था।

### इतिहास विभाग का इंटर्नशिप प्रोग्राम

**राजनांदगांव।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के इतिहास विभाग द्वारा बीए VI सेमेस्टर के विद्यार्थियों को राजनांदगांव जिला पुरातत्व संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर विद्यार्थियों को संग्रहालय में सुरक्षित प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, अस्त्र-शस्त्र, आदिवासी वीथिका तथा अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि इन पुरातात्विक सामग्रियों के माध्यम से हमें अपने अतीत, संस्कृति और सभ्यता को समझने का अवसर प्राप्त होता है।

प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक वस्तुओं के संरक्षण, उनकी देखरेख की आवश्यकता तथा पुरातत्व संग्रहालय के शोध एवं अध्ययन में महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को इतिहास का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उनमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता विकसित हुई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की प्रो. हेमलता साहू सहित 74 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कार्य में लापरवाही करने पर राजस्व निरीक्षक को करें निलंबित

# सुशासन तिहार से पहले लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 1 मई से प्रारंभ होने वाले प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के पूर्व अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की मैदानी समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहा कि सुशासन तिहार के पहले अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, लंबित मनरेगा मजदूरी भुगतान, हैंडपंप सुधार, विद्युत व्यवस्था, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान क्लस्टर बनाकर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। किशोरी बालिकाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा अधिकाधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में 852 बालिकाओं का वैक्सीनेशन हो गया है, जो प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। जिला चिकित्सालय में रसोई घर शिफ्टिंग कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने तथा परिसर में किराया बकाया रखने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सीलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पिछले एक सप्ताह में 1 लाख रुपए किराया राशि जमा की गई है। जिले के राजगामी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। जिले में अब तक 2 हजार 311 घरों में सोलर पैनल लग चुका है। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच कर अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन खरीदी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने क्रेडा विभाग द्वारा स्थापित खराब सिंचाई पंपों की जांच कर शीघ्र सुधार करने तथा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सियान गुड़ी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं जनदर्शन के प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन की ली जानकारी

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन की जानकारी ली। जिले में 5 हजार 618 कनेक्शन प्रदाय के लक्ष्य के विरूद्ध 8 हजार 110 पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर 7 हजार 119 हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्ड ई-केवाईसी हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे हितग्राहियों को समय पर शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से राशन उपलब्ध हो सके।

#### रिकार्ड रखें दुरूस्त

कलेक्टर ने सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने तथा अधिकारी-कर्मचारियों को आईगोट कर्मयोगी पोर्टल में ऑनबोर्डिंग कर निर्धारित कोर्स पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना पोर्टल पर मोबाइल के माध्यम से अपना फार्म भरकर डिजिटल प्रक्रिया पूर्ण की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को शासकीय योजनाओं हेतु अधिग्रहित भूमि के रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण करने के निर्देश दिए।

### श्री चित्रगुप्त प्राकट्य महोत्सव 23 को

**राजनांदगांव।** कायस्थ सभा-कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा कायस्थ आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन 23 अप्रैल को श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8.30 बजे महाभिषेक, हवन, आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ होगी। इसके पश्चात शाम 4.30 बजे श्री चित्रगुप्त मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी सभागृह परिसर पहुंचेगी। यहां शाम 7 बजे मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा रात्रि 8.30 बजे महाप्रसादी (स्नेहभोज) का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, कांग्रेस नेता कुलबीर सिंह छाबड़ा एवं पार्षद शैंकी बग्गा उपस्थित रहेंगे। कायस्थ समाज के अध्यक्ष लकी श्रीवास्तव ने बताया कि यह आयोजन समाज की आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। वहीं समाज के सचिव शरद श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने समाजजनों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## टीम ने की अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को ग्राम माहुलझोपड़ी में अवैध ईंट भट्टा पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पाया गया कि ग्राम माहुलझोपड़ी में दुर्गाबाई की भूमि पर दाऊलाल द्वारा बिना किसी वैध अनुमति एवं दस्तावेज के अवैध रूप से ईंट निर्माण किया जा रहा था।

संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 3 लाख 20 लाख पक्की ईंट, 1 लाख 60 लाख कच्ची ईंट, 70 ट्रॉली मिट्टी तथा 6 ट्रॉली लकड़ी जब्त की। जब्त की गई लकड़ी को सुरक्षार्थ वन विभाग के सुपुर्द किया गया। वहीं अन्य सामग्री को अग्रिम कार्रवाई तक ग्राम पंचायत गिरगांव को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार चिराग रामटेके, रेंज ऑफिसर आकाश ठाकुर सहित राजस्व एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आईजी ने ली बैठक, अपराध की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव द्वारा कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें अपराधों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

21 अप्रैल को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा रेंज के इकाइयों में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायत, मोटरयान अधिनियम, विभागीय जांच, सामुदायिक पुलिसिंग, निरीक्षण, न्यायालय में लंबित दावा-आपत्ति के प्रकरण एवं अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी वायपी सिंह, एसपी राजनांदगांव अंकिता शर्मा, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई लक्ष्य शर्मा, कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी एवं उप पुलिस अधीक्षक नवी मोनिका पांडे उपस्थित रहे।



## ओवर रेट पर शराब की बिक्री, सेल्समेन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों शहर के रेवाडीह क्षेत्र में संचालित शराब दुकान में अधिक दाम पर शराब बिक्री किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस मामले को आबकारी विभाग द्वारा गंभीरता से लिया गया और कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी द्वारा वीडियो की सत्यता जांच कराई गई।

शराब दुकान में निर्धारित दर से अधिक दर पर शराब विक्रय के संबंध में वायरल विडियो की सत्यता जांच कर इस पर कार्रवाई के लिए सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी दक्षिण द्वारा उक्त विडियों की जाँच के लिए विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान रेवाडीह में जाकर सीसीटीव्ही फुटेज चेक किया गया।

#### सीसीटीवी फुटेज में अधिक रकम

मामले की जांच के दौरान रेवाडीह कंपोजिट शराब दुकान में सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो में दिखाए गया ब्राण्ड के एक पव्वे पर 150 रूपये के स्थान पर 200 रूपये वसूला जाना सत्यापित हुआ। सेल्समेन द्वारा इसे निर्धारित दर से 50 रुपये अधिक दर पर विक्रय किया गया था।

#### ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई

शासकीय दर से अधिक में शराब विक्रय पाए जाने के बाद इस मामले में सेल्समेन पर कार्रवाई की गई है। सेल्समेन युगल किशोर खरे पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे कार्य से पृथक कर कर दिया गया है, वहीं उसे ब्लेक लिस्ट किये जाने की कार्रवाई की जा रही है ।

#### महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब पर कार्रवाई

इधर अवैध शराब के मामले में कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग द्वारा महाराष्ट्र निर्मित देशी संतरी शराब जब्त की गई है। इस मामले में बाघनदी निवासी आरोपी अमृत पाल सिंह भाटिया के कब्जे से 140 नग पौवे में 12.600 बल्क लीटर महाराष्ट्र की देशी शराब संतरी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### सुनील को मिला जिला मंत्री का दायित्व

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी ने बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक रहे सुनील सेन को भाजपा युवा मोर्चा में जिला मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति पर सुनील ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।






## क्रिकेट स्पर्धा में आरव वारियर्स बना विजेता

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ में आयोजित डीयुसीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सीजन का खिताब आरव वारियर्स ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में अंतिम गेंद में जीत हासिल कर आरव वारियर्स ने डीएल क्लब को हराया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार के साथ ही ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अजय वर्मा को मैन ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी दी गई।

डोंगरगढ़ में विगत 9 अप्रैल से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें तीन जिलों के दो सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। 14 टीम के बीच लीग राउंड के आधार पर खेली गई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की बदौलत आरव वारियर्स और डीएल क्लब ने फाइनल मैच में अपनी जगह बनाई थी। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते डीएल क्लब ने निर्धारित 10 ओवर में कुल 109 रन बनाए थे। जिसका पीछा करते आरव वारियर्स ने अंतिम गेंद पर चौका मारकर टारगेट पूरा किया।



#### स्वर्णिम मैन ऑफ द मैच

फाइनल मैच में टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्णिम सिंह राजपूत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर लिटिल सिंह, बेस्ट बल्लेबाज विपिन रात्रे और मैन ऑफ द सीरिज का पुरस्कार अजय वर्मा को दिया गया।

## युगांतर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में स्टूडेंट काउंसिल के पदाधिकारियों ने प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी की उपस्थिति में पद की शपथ ली।



प्राचार्य मधुसूदन नायर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों संबोधित करते कहा कि स्टूडेंट काउंसिल के सभी पदाधिकारी अपने कर्त्तव्य और जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे समर्पण और तन्मयता से करें। समारोह में प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय के हेड ब्वॉय प्रथम गोयल, हेड गर्ल चारूस्मिता साहू, एकेडमिक को-आर्डिनेटर गौरव ठाकुर, गीतिका गोलछा, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी प्रभनूर सिंग जस्सल, अदिति जैन, कल्चरल सेक्रेटरी अनंत रायचा, अनन्या अग्रवाल, लेंग्वेज सेक्रेटरी दृशान अजमानी, दिशा डोंगरे, डि सि प्ल न सेक्रेटरी के पीएस प्रनील, वर्षा सोनी ने शपथ ली। सत्यम हाउस के हाउस प्रिफिक्ट आदि जैन, मौली अरोरा, शिवम हाउस के हाउस प्रिफिक्ट मननप्रीत सिंग सलूजा, श्रुष्टि संभारकर, सुंदरम हाउस के हाउस प्रिफिक्ट केतक बघेल, अदिति कुर्रे, मधुरम हाउस के हाउस प्रिफिक्ट यशवर्धन ठाकुर, शौर्या अग्रवाल बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन दीपांक्षा शर्मा, तनुश्री मुखर्जी, अर्पण मसीह ने किया।

#### प्रतिभावान छात्रों को स्कॉलरशिप

निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि पहले शपथ ग्रहण समारोह अगस्त के महीने में आयोजित होता था। इस बार अप्रैल के महीने इसे आयोजित करके व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए यह समारोह सदा अविस्मरणीय बना रहेगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की ओर से सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 95 प्रतिशत से अधिक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों के लिए बिल्कुल फ्री एजुकेशन की घोषणा की। इसके अलावा 90 से 95 प्रतिशत, 85 से 90 प्रतिशत तक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। उन्होंने विद्यालय समयावधि में जेईई, नीट की फ्री कोचिंग की सुविधा के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बास्केटबॉल कोर्ट में शेड तथा न्यू एकेडमिक बिल्डिंग के समीप भव्य ऑडिटोरियम निर्माण भी होगा।



## अनदेखी: दलदल बना जानलेवा, मवेशियों की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश

# टूटा तालाब, बढ़ता जल संकट, बांगर में पानी की किल्लत व लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम बांगर सिली नाला क्षेत्र में बना तालाब प्रशासनिक लापरवाही का शिकार होकर अब ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। बरसात के दौरान तालाब का पार (बांध) टूटने के बाद समय रहते उसका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया, जिसके चलते वर्तमान में तालाब दलदल में तब्दील हो चुका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दलदल में आए दिन मवेशी फंसकर दम तोड़ रहे हैं। मृत पशुओं के सड़ने से आसपास दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी खतरे का भी सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह गांव पहले से ही जल संकट से जूझता रहा है, लेकिन तालाब के अनुपयोगी हो जाने से स्थिति और अधिक विकट हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि तालाब सही स्थिति में होता, तो गर्मी के मौसम में पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए यह प्रमुख स्रोत बन सकता था। वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला बांगर के पास लगे सेंटेक्स टैंक में भी जल स्तर तेजी से घट रहा है, जिससे स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मजबूरीवश ग्रामीणों को 1 से 2 किलोमीटर दूर स्थित झिरिया और कुओं से पानी लाकर दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती फुलवती सुंदर मरावी ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तालाब ग्रामीणों के जीवन-यापन का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस ओर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब के पार का शीघ्र पुनर्निर्माण, दलदल की सफाई और जल संचयन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आने वाले समय में जल संकट से राहत मिल सके।

**खास बातें**

- बरसात में टूटा तालाब अब तक नहीं हुआ दुरुस्त, दलदल में बदला पूरा क्षेत्र

### बैगा बस्ती के साथ लापरवाही नया बोर नहीं, स्कूल का ही स्रोत हटाकर लगाया सौर पंप





ग्राम पंचायत सेंदुरखार के आश्रित ग्राम बांगर के मोहल्ला टोला में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए प्रस्तावित नया बोरवेल एवं सौर ऊर्जा पंप स्थापना कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार ठेकेदार द्वारा नया बोर कराने के बजाय शासकीय स्कूल के मौजूदा बोरिंग को ही हटाकर वहां सौर पंप फिट कर दिया गया, जिससे स्कूल और बस्ती दोनों की जल व्यवस्था प्रभावित हो गई है। लगाए गए पंप में तकनीकी खामियां भी पाई गई हैं, कई स्थानों पर नट-बोल्ट तक नहीं लगाए गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वर्तमान स्थिति यह है कि स्कूल खुलने के समय ही सीमित रूप से पानी मिल पाता है और जलस्तर घटते ही सप्लाई पूरी तरह बंद हो जाती है। इसके चलते बैगा बस्ती के लोगों को 1 से 2 किलोमीटर दूर दुर्गम रास्तों से झिरिया और कुओं से पानी लाकर अपनी आवश्यकता पूरी करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए जिम्मेदारों पर कार्यवाही तथा नई सुरक्षित एवं स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बेटियों को मुफ्त कराटे प्रशिक्षण आत्मरक्षा के लिए सराहनीय पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम दामापुर में बेटियों को आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। मां भारतीय एकेडमी एवं लक्ष्य पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं के लिए निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्य पब्लिक स्कूल के मैदान में मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रीफल अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कुण्डा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता दामापुर सरपंच बहादुर खान ने की, इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, स्कूल संचालक, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। वहीं कराटे प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर की विजेता प्रशिक्षक ज्योति बघेल द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।

वक्ताओं ने मां भारतीय एकेडमी द्वारा पूर्व में पुलिस भर्ती की निःशुल्क तैयारी कराकर कई युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रयासों की भी सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मबल बढ़ाना और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकें। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा क्षेत्र की अधिक से अधिक बेटियों से इस प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की गई।

## अंबेडकर जयंती पखवाड़ा पुतकी में संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान और संविधान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पंडरिया।** कबीरधाम जिले के पंडरिया मंडल अंतर्गत ग्राम पुतकी में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान एवं संविधान की प्रस्तावना के पाठ के माध्यम से जनजागरूकता का प्रयास किया गया। ग्राम पुतकी स्थित गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत संत बाबा गुरु घासीदास जी के मंदिर एवं जय स्तंभ में पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो और जनसुविधाओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यो का उल्लेख करते हुए बताया गया कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवहन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं के लिए बस सुविधा, निःशुल्क कोचिंग, स्वास्थ्य सेवाओं में एंबुलेंस सुविधा तथा रायपुर रेफर मरीजों के परिजनों के लिए देवेंद्र नगर में आवास एवं भोजन व्यवस्था जैसी पहल को सराहनीय बताया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, मेला समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें, उपस्थित लोगों ने डॉ अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# राशन कार्ड हितग्राहियों को आज भी केवल एक माह का चावल वितरित, तीन माह वितरण का वादा अधूरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशन कार्ड हितग्राहियों को अप्रैल, मई और जून माह का चांवल एक साथ वितरित करने की घोषणा की गई थी। इसको लेकर 7 तारीख को गांव-गांव में चांवल उत्सव भी मनाया गया और जनप्रतिनिधियों द्वारा तीन माह का चांवल एकमुश्त देने की बात कही गई थी। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव, कंझेटा, भटरूसे, अमली-मालगी, कुण्डा, दामापुर सहित आसपास के कई ग्रामों की सोसायटियों में हितग्राहियों को केवल एक माह यानी अप्रैल का ही चांवल वितरित किया जा रहा है। स्थानीय हितग्राहियों का कहना है कि 21 तारीख तक भी पर्याप्त मात्रा में चांवल सोसायटियों में नहीं पहुंच पाया है। वहीं सोसायटी संचालकों का कहना है कि शासन की ओर से फिलहाल केवल एक माह का ही चांवल प्राप्त हुआ है, इसलिए उसी का वितरण किया जा रहा है। गौरतलब है कि शासन द्वारा पहले से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था कि इस बार तीन माह का चांवल एक साथ दिया जाएगा। कई समाचार पत्रों में भी इस संबंध में खबरें प्रकाशित हुई थीं, जिससे हितग्राहियों को उम्मीद थी कि उन्हें एकमुश्त राशन मिलेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि जब तीन माह के चांवल वितरण की घोषणा की गई थी, तो अब तक उसका क्रियान्वयन क्यों नहीं हो पाया? क्या यह केवल घोषणा तक ही सीमित रह गया है? राशन कार्ड हितग्राहियों ने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द शेष महीनों का चांवल उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# कुछ घंटों की आंधी ने बिगाड़ी रफ्तार, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## धूल तूफान ने लोगों की बढ़ाई मुश्किले शहर रहा अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोमवार की देर शाम अचानक बदले मौसम ने कवर्धा जिले में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज आंधी-तूफान और धूल भरी अंधड़ के चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अव्यवस्था की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गई, जिससे आवागमन बाधित रहा। तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल और कचरे ने लोगों को खासा परेशान किया। अचानक तेज हवा चलने से वातावरण में घना धूल छा गया, जिससे आस पास दिखाई नही दे रहा था। राहगीरों और वाहन चालकों को रास्ता तय करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई जगह लोग सुरक्षित स्थानों पर रुकने को मजबूर हो गए। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी और बिजली की चमक ने स्थिति को और असहज बना दिया, जिससे उमस और गर्मी में भी बढ़ोतरी महसूस की गई।तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे खड़े पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिरती रहीं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रही। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे मौसम में वाहन संचालन अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है, क्योंकि दृश्यता कम होने और अवरोध बढ़ने से हादसों की संभावना बढ़ जाती है। मौसम के बिगड़ते ही विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के नाम पर कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिससे लोगों को तीन से चार घंटे तक अंधेरे और गर्मी में परेशान होना पड़ा। कुछ इलाकों में देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही बिजली लाइनों के पास पेड़ों की छंटाई के लिए घंटों बिजली बंद की गई थी, बावजूद इसके आंधी के दौरान फिर से अव्यवस्था की स्थिति सामने आई। इससे व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल उठ रहे हैं। कुल मिलाकर अचानक आए इस मौसम बदलाव ने प्रशासनिक तैयारी की पोल खोलते हुए आमजन को भारी असुविधा में डाल दिया।

### अंधड़ और गिरी डालियों से बाधित हुआ यातायात

सोमवार शाम चली तेज आंधी ने शहर की सामान्य गतिविधियों को थाम दिया। प्रमुख मार्गो पर पेड़ों की टहनियां और कचरा फैल गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। धूल के घने गुबार से दृश्यता कम हो गई और कई स्थानों पर लोग रुककर मौसम सामान्य होने का इंतजार करते रहे। बिजली आपूर्ति ठप रहने से घरेलू कार्य प्रभावित हुए, वहीं गर्मी और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। देर शाम तक हालात सामान्य नहीं हो सके, जिससे जनजीवन पर व्यापक असर देखा गया।

# श्रद्धा से मनी फूले की जयंती

- महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**औंधी।** क्षेत्रीय बौद्ध समाज संगठन ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बौद्ध अनुयायियों ने पालेभाट्टी से ज्योति भीम रैली निकाल कर औंधी बस स्टैंड पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत में ध्वजारोहण किया गया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान मुनिश्वर बोरकर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह प्रेरणादायक है।
विनय बाम्बोड़े ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सभी को समान अधिकार दिए हैं, जिनका सम्मान और संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। भोजेश शाह मंडावी ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में पुष्पा आत्राम, संगीता सिंग, द्रोपती मंडावी, संतराम वड्डे, जटाशंकर मिश्रा, हरिराम जूनघरे, राजेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित थे।

### शहर व अंचल में मालवाहकों में सवारी ढोने का सिलसिला जारी

**कवर्धा।** यातायात नियमों को ताक में रखकर नगर भर में बेखौफ होकर मालवाहक वाहनों का उपयोग लगातार सवारी ढोने के लिए किया जा रहा है। यह केवल एक बार की बात नहीं है बल्कि रोजाना नगर व ग्रामीण अंचलों में ऐसे वाहन नजर आते हैं जिनमें लोगों को ठुंस-ठुंस कर भरा जाता है और बेखौफ सड़कों पर दौड़ाया जाता है। गौर करने वाली बात यह है कि ऐसे वाहन केवल ग्रामीण इलाकों में नहीं बल्कि नगर के मुख्य भागों में भी बेधड़क चलते नजर आते हैं। इस तरह के वाहन जल्द ही असंतुलित हो जाते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है।

# कोलेगांव में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में श्रीकृष्ण चंद्र एवं राधारानी की कृपा तथा पूर्वजों के आर्शीवाद से 23 अप्रैल से 1 मई तक भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 23 अप्रैल से किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचन हेतु कथा व्यास पं प्रशांत महाराज (भागवताचार्य, दुल्लापुर-रबेली) उपस्थित रहेंगे। वहीं पारायणकर्ता के रूप में पं संजू मिश्रा, पं जय दामोदर शर्मा सहित अन्य विद्वान जन सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती माना समारू साहू, श्रीमती उत्तरा हुलास राम साहू एवं श्रीमती निर्मला नरेश कुमार साहू विराजमान होंगें। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से हरि इच्छा तक किया जाएगा। वहीं आयोजकों द्वारा आसपास क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने एवं धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।



**NAME CHANGE**

I,hitherto known as FARMESHVAR S/O GAURSINGH R/o House No.10, Patel Para, Village-Sarodhi, Sarodhi, Kabeerdham, Chhattisgarh, 491995 have changed my name and shall hereafter be known as FAMESHVAR DURAVE.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**FARMESHVAR**
**Signature**
**(in existing Old Name)**
**Name of Applicant**
**FARMESHVAR**

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **Subhash Das Gupta S/o Naresh Das Gupta** R/o- H NO 42, WARD NO 05, Pandatarai, Pandatarai, Kawardha, Pandariya, Chhattisgarh-491559 have change the name of my minor Son **Akshat Das Gupta aged 10 Years** and he shall hereafter be known as **Mayank Gupta.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Subhash Das Gupta**
**[Signature of Guardian]**

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **Lalaram S/o Goukaran** R/o- Madmada, Bamhani, Kawardha, Kawardha, Chhattisgarh- 491336 have change the name of my minor daughter **Muskal Kumari aged 17 Years** and she shall hereafter be known as **Muskan**.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Lalaram**
**[Signature of Guardian]**

# नि:शुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारंभ

**छुईखदान।** बालक पूर्व माध्यमिक शाला छुईखदान में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास वैष्णव, पार्षद घना देवांगन एवं प्रेम सिंह पाल के पार्षद निधि से स्मार्ट ब्लैकबोर्ड एवं एलसीडी प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के सहारे नवोदय एवं प्रयास जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराया जाएगा। अतिथियों ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड एवं एलसीडी जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों की पढ़ाई को अधिक रोचक, सरल एवं प्रभावी बनाएंगी। इस अवसर पर बीआरसी दुष्यंत शर्मा, शिक्षक संजीव धुर्वे, कुंभलाल जंघेल, राजूदास मानिकपुरी, डॉ. सियाराम साहू, दोदेश्वर चंदेल, राघवेन्द्र वर्मा, मोहन जंघेल, युवराज वर्मा, रवि वर्मा, अश्वनी साहू, केवल मांडवी, दिग्विजयदास वैष्णव, राधेश्याम देवांगन, प्रशांत चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, मोहन सर्वा, भूपेंद्र चौबे, भागीरथी कुंभकार, लालूसिंह आदि उपस्थित थे। अंत में शिक्षक संजीव कुमार धुर्वे ने आभार व्यक्त किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण 24 अप्रैल से

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर 24 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026 तक आयोजित होगा। शिविर में हॉकी, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, कराते, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, सॉफ्टबॉल एवं बेसबॉल खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को प्रातः एवं सायंकाल दोनों समय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विभिन्न खेलों के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। आउटडोर स्टेडियम में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं हैंडबॉल, छिरपानी कॉलोनी मैदान में सॉफ्टबॉल एवं बेसबॉल, इंडोर स्टेडियम हॉल में बैडमिंटन, शासकीय स्वामी करपात्री जी स्कूल मैदान में कराते तथा पुलिस लाइन मैदान में व्हॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे तक तथा सायं 6 बजे से 7.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। समस्त खेल संघों एवं प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

**उपलब्धि:** राज्य स्तरीय खेल अकादमी बहतराई, बिलासपुर में सीखेंगी खेल के गुर

# बोड़ला की 3 आदिवासी बेटियां खेल अकादमी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ला की तीन प्रतिभावान छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की तीन बेटियों का चयन राज्य स्तरीय खेल अकादमी बहतराई, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कबड्डी खेल के लिए हुआ है। विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च 2026 को आयोजित सब-जूनियर कबड्डी चयन ट्रायल में विद्यालय की 9 छात्राओं ने भाग लिया था। इस चयन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच विद्यालय की तीन छात्राएं—कु. बुधरिया बैगा, कु. वेरन्ति टेकाम एवं कु. रामेश्वरी धुर्वे—ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान सुनिश्चित किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनका अनुशासन, निरंतर अभ्यास और समर्पण है। साथ ही विद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाएं एवं कोच मोहन धुर्वे द्वारा दिया गया प्रशिक्षण भी महत्वपूर्ण रहा है। अधीक्षिका ने इस उपलब्धि को पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। विद्यालय परिवार ने छात्राओं को खेल किट भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

**बैगा समाज की बेटी ने बढ़ाया मान, खेल जगत में चमकेगा भविष्य**




इस उपलब्धि में विशेष रूप से बैगा आदिवासी समुदाय की बेटी कु. बुधरिया बैगा (कक्षा 6वीं), निवासी ग्राम लीलादद्दर का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना है। अपनी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति अटूट समर्पण के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है।बुधरिया ने कठिन चयन प्रक्रिया में अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अब उन्हें खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जहां आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उनके खेल कौशल को और निखारेगा। विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बुधरिया की सफलता अन्य आदिवासी बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह साबित करता है कि यदि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। बुधरिया ने अपनी सफलता का श्रेय अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत एवं कोच मोहन धुर्वे को दिया।

## टेस्ट, ट्रीट, टॉक मॉडल से एनीमिया उन्मूलन अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देशभर में चल रहे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। एनीमिया की रोकथाम के लिए 'टेस्ट, ट्रीट और टॉक' के तीन चरणों पर विशेष रूप से काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त पहल से मार्च और अप्रैल माह में महिला समूहों एवं संकुल कैडर को एनीमिया और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अभियान की शुरुआत 18 मार्च को सहसपुर लोहारा विकासखंड के ओडिया कलां संकुल से हुई और 18 अप्रैल को पंडरिया विकासखंड के कुंडा संकुल में इसका समापन हुआ। इस पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न कैडर की महिलाएं जैसे कृषि सखी, वीओ अध्यक्ष, पशु सखी, वित्तीय साक्षरता कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन आदि को एनीमिया एवं स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टरों द्वारा एनीमिया की पहचान, इसके लक्षण, महिलाओं के जीवन पर प्रभाव, जांच की प्रक्रिया, सिकल सेल एनीमिया और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के साथ उनकी अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस पहल के दौरान 350 से अधिक कैडर की महिलाओं में जागरूकता बढ़ाई गई, ताकि वे अपने आसपास की महिलाओं और बच्चों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सकें और सामाजिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे सकें।

# 22 से 24 अप्रैल तक तहसील-उप तहसीलों में लिए जाएंगे आवेदन

## जिले में किया जाएगा सुशासन तिहार का आयोजन



- 01 मई से 10 जून तक लगेंगे सुशासन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की इस संबंध में बैठक लेकर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा, आवेदनों की प्राप्ति और निराकरण, शिविरों के आयोजन के संबंध में विस्तार से दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में सुशासन तिहार कार्यक्रम और शिविरों के आयोजन को लेकर मुनादी करवाई जाए। सभी तहसील एवं उप तहसील कार्यालय में आवेदन लेने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है।

जिससे आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविरों के आयोजन के दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्थल में छाया और पेयजल की व्यवस्था हो। स्वास्थ्य विभाग पर्याप्त इलेक्ट्रॉल और दवाओं के साथ अपना काउंटर लगाएं।

उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाले आवेदनों की स्क्रुटनी करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त आवेदनों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के निर्देश भी अधिकारियों को बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा सहित सभी एसडीएम व तहसीलदार एवं विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार 2026 के तहत भूमि संबंधित प्रकरण जैसे-नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, का निराकरण किया जाएगा। विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों का निष्पादन, बिजली ट्रांसफार्मर संबंधित विषय, हैण्डपंप सुधार, पात्रता अनुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना जैसे उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

**तहसील कार्यालय में लिए जाएंगे आवेदन**

आगामी 01 मई से 10 जून तक कबीरधाम जिले सुशासन तिहार का आयोजन होने जा रहा है। उसके पूर्व सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत 22 से 24 अप्रैल तक जिले के 8 तहसील व 1 उप तहसील कार्यालय में लोगों से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन लिए जाएंगे। 25 से 26 अप्रैल तक जनपद पंचायतवार प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी। 27 से 30 अप्रैल आवदेनों का निराकरण किया जाएगा। 01 मई से 10 जून तक जन समस्या का निवारण शिविरों का आयोजन होगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किए जायेंगे। शिविर के दिन आवेदकों को आवेदन के निराकरण से अवगत कराया जाएगा। शिविर स्थल पर विभागों द्वारा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# पुलिस द्वारा तनाव प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार, 21 अप्रैल को प्रातः 6 बजे न्यू पुलिस लाइन परिसर में तनाव प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों की जानकारी देना तथा उनके मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित और मजबूत बनाए रखना था। पुलिस सेवा एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण और उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यक्षेत्र है, जहां लगातार दबाव, अनियमित दिनचर्या और जोखिमपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। अतिथि वक्ताओं द्वारा तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा उससे बचाव के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने नियमित योग, ध्यान, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही यह भी बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सहकर्मियों के साथ संवाद, पारिवारिक सहयोग तथा आत्म-नियंत्रण की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। व्याख्यान के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने भी सक्रिय सहभागिता दिखाई और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम ने उन्हें न केवल मानसिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी, बल्कि तनावपूर्ण परिस्थितियों में संयम और धैर्य बनाए रखने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस प्रकार का आयोजन पुलिस बल के कार्यकुशलता एवं मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होता है। कबीरधाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता एवं स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई जा रही है, जिससे पुलिस कर्मियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने में सहायता मिल सके।

# जिले की 48 साख समितियों का सीएम विष्णु देव साय ने किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस पहल के अंतर्गत कवर्धा जिले की 48 समितियां भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इसे किसानों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह कदम ऐतिहासिक है।

उन्होंने बताया कि नई समितियों के शुरू होने से प्रदेश में सहकारी समितियों की कुल संख्या बढ़कर 2,573 हो गई है। मुख्यमंत्री ने अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही है, जिससे गांव और किसान दोनों समृद्ध होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने कहा कि अब पैक्स समितियां बहुउद्देश्यीय सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी।

इससे किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी। साथ ही धान खरीदी की प्रक्रिया भी आसान होगी और किसान अपनी नजदीकी समिति में ही धान बेच सकेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश की 2,058 पूर्व संचालित समितियों को कंप्यूटरीकृत किया गया है तथा उनमें माइक्रो एटीएम भी स्थापित किए गए हैं, जिनसे किसान 20 हजार रुपए तक की राशि निकाल सकते हैं। इस नई व्यवस्था से ग्राम भालूचुआ, तिलाई भाट और चंदनपुर के सैकड़ों किसानों को धान बेचने के लिए हरिनछपरा जाने की समस्या से राहत मिलेगी।

श्री बग्गा ने समिति के निर्माण और शुभारंभ के लिए क्षेत्र के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिनछपरा सोसाइटी के श्याम कोसले, सरपंच चंद्र दिवाकर, कामदत्त गेंड्रे, दुलाखन गेंड्रे, बूथ अध्यक्ष आशाराम लहरे, हीरो सतनामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**युवाओं को सिखाए गए आपदा प्रबंधन के गुर**



**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण 13 से 19 अप्रैल 2026 तक राज्य नगर सैनिक प्रशिक्षण केंद्र, माना जिला रायपुर में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में बलौदाबाजार, कांकेर, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, गरियाबंद सहित कबीरधाम जिले के सीनियर स्काउट-गाइड एवं रोवर्स-रेंजर्स ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर का आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशन में किया गया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा के मार्गदर्शन तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के नेतृत्व में कबीरधाम जिले की टीम ने भाग लिया। टीम के प्रभारी के रूप में स्काउट मास्टर देवव्रत पटेल, मितेश मिश्रा, गाइड कैप्टिन संगीता साहू एवं शीतला साहू सहित सीनियर स्काउट-गाइड और रोवर्स-रेंजर्स शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर जागेश्वर धिवर, छम्मन साहू, कालेश्वर साहू एवं द्वारिका प्रसाद टंडन सहित विशेषज्ञ टीम ने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसमें आपदा प्रबंधन की मूल अवधारणा, प्राकृतिक आपदाओं (बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, आकाशीय बिजली, बादल फटना) से बचाव के उपाय, विभिन्न आपदा प्रबंधन संस्थाओं की जानकारी, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन), वाटर रेस्क्यू, फायर एवं रोप रेस्क्यू, बोट एवं फायर ब्रिगेड उपकरणों का उपयोग आदि शामिल रहे। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में निःस्वार्थ सेवा देने के लिए तैयार किया गया, ताकि वे अपने-अपने जिलों में आपदा के समय प्रभावी भूमिका निभा सकें।

**अप्रैल को अब सुबह 10 बजे से होगी परीक्षा, 9.30 बजे बंद होगा परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार**

# मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का बदला गया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत 26 अप्रैल को होने जा रही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के लिए महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए परीक्षा समय में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित समय 11 बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 12.15 बजे तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित समय और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है इसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा में पूरे प्रदेश से लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं कबीरधाम जिले में 4859 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए 16 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) और फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यह भी निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, जिससे परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की भ्रम या असुविधा की स्थिति न बने। परीक्षा के दौरान ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के संचार या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों को जूता पहनकर आने पर रोक रहेगी। उन्हें केवल चप्पल पहनकर आने तथा काले या नीले बॉल पेन साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा शुरू होने के पहले आधे घंटे में एवं परीक्षा समाप्त होने के आखिरी आधे घंटे में केन्द्र से बाहर जाने की मनाही है। साथ ही परीक्षा हॉल में फुसफुसाया या इशारे किए जो बाहर किए जाएंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें, समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें और शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा में शामिल हों। उक्त परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं नोडल की सहायता के लिए 2 सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन की देखरेख एवं परीक्षा में अनैतिक कार्यो को रोकने के लिए दो उडऩदस्ता दल का गठन किया गया है।




# अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में गुरुकुल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा- संस्कार एवं एवं सामाजिक सरोकार के प्रति दृढ़ संकल्पित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने अभ्युदय स्कूल द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में अंश ग्रहण किया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया के सदुपयोग पर आधारित नुक्कड़ नाटक एक सोच का हनुमान वाटिका, कवर्धा के सुरम्य वातावरण में मंचन किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में गुरुकुल के अलावा नगर के अभ्युदय स्कूल, होली किंगडम स्कूल तथा अशोका पब्लिक स्कूल ने भाग लिया। डॉ विजय कुमार शाही, अतुल वर्मा के सशक्त मार्गदर्शन, नेहा वर्मा, भारती राव, राधारानी तथा केजेलाल साहू के सहयोग तथा विद्यार्थियों के भावप्रवण अभिनय से मंचित इस नाटक ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर उनकी वाह-वाही लूटी। कक्षा पांचवीं के छात्र द्वय कुनाल तथा गिरीश मदारी और जम्बूरे के रुप में दर्शकों के आकर्षण के केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने नाटक के माध्यम से जनमानस को समझाया कि सोशल मीडिया दुधारी तलवार के समान है अगर इसका उपयोग सोच समझकर नहीं किया गया तो यह व्यक्ति को अपूर्णनीय क्षति भी पहुंचा सकता है। ऑनलाइन गेमिंग तथा रील के प्रति उन्माद ने सभी को अवसाद में डूबा रखा है, जहाँ से निकलना जरूरी है। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के बल पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभ्युदय स्कूल द्वितीय तथा होली किंगडम स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष , अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की और आशा व्यक्त किया कि विद्यार्थी गण अवश्य ही सोशल मीडिया का बेहतरीन ढंग से अपनी प्रतिभा के विकास में सदुपयोग करेंगे।

